संक्षेप में

जिंदल स्टेनलेस ने खुल्बे को सीईओ बनाया

जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि उसने पूर्णकालिक निदेशक तरुण खुल्बे को मुख्य कार्य अधिकारी (सीईओ) पद पर पदोन्नत किया है। जिंदल स्टेनलेस ने शेयर बाजार को बताया कि इस संबंध में पिछले सप्ताह कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक में निर्णय लिया गया था। कंपनी ने बताया कि निदेशक मंडल ने मुख्य कार्य अधिकारी और पूर्णकालिक निदेशक के रूप में तरूण खुल्बे की पदोन्नति को मंजूरी दे दी है। *भाषा*

स्काई 2.0 क्लब में 60 % हिस्सा लेगी वीएलएल

विकास लाइफकेयर लिमिटेड (वीएलएल) दुबई स्थित स्काई 2.0 क्लब में 7.9 करोड़ डॉलर (करीब 650 करोड़ रुपये) के निवेश से 60 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। वीएलएल ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि अधिग्रहण प्रक्रिया चालू वित्त वर्ष 2023-24 में पूरी की जाएगी। कंपनी ने कहा 'यह अधिग्रहण विकास लाइफकेयर तथा होल्डिंग कंपनी ब्लू स्काई इवेंट हॉल एफजेड-एलएलसी (दुबई) के बीच शेयर अदला-बदली सौदा है। यह स्काई 2.0 क्लब व्यवसाय में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी और उद्यम से संबंधित व्यवसाय खंड में सभी भविष्य के व्यावसायिक उद्यम के अधिग्रहण के लिए किया गया है।' *भाषा*

30 अप्रैल को होगी गूगल की याचिका पर सुनवाई

सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि वह राष्ट्रीय कंपनी कानून अपील पंचाट (एनसीएलएटी) के उस आदेश के खिलाफ गूगल की अपील पर 30 अप्रैल से सुनवाई शुरू करेगा, जिसमें भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) द्वारा 1,337.76 करोड़ रुपये के जुर्माने को बरकरार रखा गया था। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने 20 अक्टूबर, 2022 को प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी पर जुर्माना लगाया था और उसे एंड्रॉइड उपकरणों से संबंधित कार्यप्रणाली के लिए 1337.76 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए कहा था। *भाषा*

नतीजे पूर्व समीक्षा : फार्मा व हेल्थकेयर क्षेत्र

अमेरिका व भारत से उम्मीद

सोहिनी दास
मुंबई, 22 जनवरी

वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में दवा क्षेत्र राजस्व में करीब 13.5 फीसदी और शुद्ध लाभ में 30.3 फीसदी की वृद्धि दर्ज कर सकता है, जिसे अमेरिकी बाजार में महंगी दवाओं की मंजूरी, कच्चे माल की कीमतों में गिरावट और परिवहन लागत में कमी से सहारा मिलेगा।

हेल्थकेयर के क्षेत्र में हॉस्पिटल्स के राजस्व में 13 फीसदी की वृद्धि दर्ज होने की उम्मीद है जबकि उसके शुद्ध लाभ में करीब 37 फीसदी का इजाफा होगा। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने एक नोट में ये बातें कही है। विश्लेषकों ने हालांकि कहा है कि वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में त्योहारी सीजन के प्रभाव के कारण क्रमिक आधार पर प्रदर्शन की तुलना शायद नहीं की जा सकती। डायग्नोस्टिक्स कंपनियां राजस्व में 12 फीसदी की वृद्धि दर्ज कर सकती हैं जबकि उनके कर पश्चात लाभ में 37 फीसदी के इजाफे का अनुमान है।

ऐक्सिस सिक्योरिटीज ने कहा कि वृद्धि को सबसे ज्यादा सहारा जेनेरिक उत्पादों मसलन रेविलमिड, जेनेरिक स्पिरिवा, जेनेरिक अल्बुटिरोल, जेनेरिक प्रेजिस्टा, जेनेरिक लेनोटाइरेड और बायोसिमिलर से मिलेगा।

ऐक्सिस सिक्योरिटीज ने कहा, कीमतों में स्थिरता के साथ अमेरिकी बाजार 13 से 20 फीसदी तक की वृद्धि दर्ज कर सकता है, वहीं कोविड-19 के कारोबार के बाद अब भारतीय कारोबार स्थिर हो चुका है, ऐसे में यहां दो अंकों में वृद्धि होगी। तीसरी तिमाही में यूरोप व अंतरराष्ट्रीय बाजार में राजस्व एक अंक में वृद्धि दर्ज कर सकता है।

अमेरिकी राजस्व सालाना आधार पर 15 फीसदी बढ़ने का अनुमान है जबकि उद्योग में कीमतों का एक अंक मं क्षरण हुआ है, जिसकी आंशिक भरपाई नए उत्पादों की पेशकश ने की है। निर्मल बांग इंस्टिट्यूशनल इक्विटीज को लगता है कि अमेरिका में स्थायी मुद्रा के लिहाज से वृद्धि सालाना आधार पर करीब 10 फीसदी होगी, लेकिन नई पेशकश तिमाही आधार पर स्थिर से ऋणात्मक बनी रहेगी।

निर्मल बांग ने एक रिपोर्ट में कहा, उत्पादों के बेहतर मिश्रण, ब्रांडेड बाजारों मं कीमत बढ़ोतरी के लाभ और लागत में इजाफे के मामला सामान्य स्थिति की और लौटने से मार्जिन में सालाना आधार पर सुधार की उम्मीद है। साथ ही अमेरिकी कीमत पर दबाव समाप्त होने से भी मार्जिन को सहारा मिलेगा। साथ ही कच्चे माल की कीमतों में नरमी भी अमेरिकी वृद्धि को सहारा दे रहा है।

निर्मल बांग ने कहा है कि नई पेशकश और कीमत बढ़ोतरी के सहारे के बावजूद देसी फॉर्मुलेशन बाजार में वृद्धि थोड़ी नरम होकर 9 फीसदी पर आ जाएगी। ऐक्सिस सिक्योरिटीज ने कहा कि भारतीय दवा बाजार ने तीसरी तिमाही में 10 फीसदी की मजबूत वृद्धि दर्ज की है।

ऐक्सिस सिक्योरिटीज ने कहा, ज्यादातर कंपनियों के मामले में फील्ड में रहे कर्मियों की उत्पादकता में सुधार, कीमत बढ़ोतरी और नई पेशकश के चलते हम वित्त वर्ष 24 में अपने कवरेज वाली कंपनियों की देसी बिक्री में 10 से 11 फीसदी की वृद्धि का अनुमान बनाए हुए हैं।

अच्छी खबर यह है कि एपीआई का कीमत इंडेक्स (जिसमें 15 अग्रणी एपीआई है और जिसका आयात चीन से होता है और दवा कंपनियां इसका इस्तेमाल कच्चे माल के तौर पर करती है) इसमें तिमाही आधार पर 13 फीसदी और सालाना आधार पर 12 फीसदी की गिरावट का संकेत देता है। ब्रोकरेज ने कहा, चीन मं उत्पादन में स्थिरता और पीएलआई योजना के कारण भारत में आपूर्ति बढ़ने से एपीआई की कीमत में गिरावट आई है। इसी तरह तीसरी तिमाही में कच्चे तेल की कीमतें और ढुलाई की दर सर्वोच्च स्तर से नीचे आई हैं और इस वजह से आगे दवा कंपनियों के लाभ में सुधार हो सकता है। इसमें कहा गया है, उपरोक्त कारक वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में दवा कंपनियों के एबिटा मार्जिन में सालाना आधार पर 200 आधार अंकों का सुधार ला सकते हैं।

सिप्ला का मुनाफा 32 प्रतिशत बढ़ा

वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में दवा कंपनी सिप्ला का शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 32 प्रतिशत बढ़कर 1055.9 करोड़ रुपये रहा। कंपनी को बिक्री से राजस्व में आई 13.5 प्रतिशत की तेजी से मदद मिली। कंपनी का राजस्व दिसंबर तिमाही में 6,505.66 करोड़ रुपये रहा।

हालांकि तिमाही आधार पर कर पश्चात लाभ (पीएटी) 6.6 प्रतिशत तक घट गया और राजस्व में 1.2 प्रतिशत तक की कमजोरी दर्ज की गई। सिप्ला का राजस्व विश्लेषकों के अनुमान के अनुरूप रहा। ब्लूमबर्ग ने शुद्ध लाभ 1,058 करोड़ रुपये और शुद्ध बिक्री 6,522 करोड़ रुपये रहने का अनुमान जताया था। तीसरी तिमाही में एबिटा 24.2 प्रतिशत बढ़कर 1,748 करोड़ रुपये रहा।

सिप्ला के प्रबंध निदेशक एवं वैश्विक मुख्य कार्याधिकारी उमंग वोहरा ने कहा, 'मैं एक और तिमाही के नतीजों की घोषणा कर उत्साहित हूं। दिसंबर तिमाही में भारत, उत्तर अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका में हमारे मुख्य व्यवसायों में मजबूती आई है।' *बीएस*

सोनी संग सौदा टूटने के बाद ज़ी के शेयरों की डाउनग्रेडिंग

समी मोडक
मुंबई, 22 जनवरी

सोनी नेटवर्क्स के साथ विलय का सौदा टूटने के बाद विश्लेषकों ने ज़ी एंटरटेनमेंट एंटप्राइजेज के शेयर के लिए लक्षित कीमत में कटौती की है और शेयर की रेटिंग घटा दी है।

सीएलएसए ने शेयर को डाउनग्रेड कर इसकी रेटिंग बिकवाली कर दी है और लक्षित कीमत 300 रुपये से घटाकर 198 रुपये कर दिया है। एक नोट में ईलारा ने कहा है कि यह शेयर 130 रुपये के निचले स्तर तक आ सकता है, वहीं नुवामा इंस्टिट्यूशन इक्विटीज का मानना है कि यह शेयर 200 रुपये के नीचे फिसल सकता है। एनएसई पर ज़ी का शेयर 231 रुपये पर बंद हुआ। चूंकि ज़ी का शेयर डेरिवेटिव में शामिल है, लिहाजा इस शेयर के लिए कोई कीमत दायरा नहीं है और विश्लेषकों का कहना है कि यह मंगलवार को काफी नीचे खुल सकता है।

सोमवार को ज़ी को सोनी की तरफ से विलय करार (21 दिसंबर, 2021) समाप्त करने का नोटिस मिला और उसमें विलय सहयोग करार (एमसीए) के कथित उल्लंघन के लिए करार समाप्ति शुल्क के तौर पर 9 करोड़ डॉलर की मांग की गई है। इससे ज़ी ने इनकार किया है। सीएलएसए की विश्लेषक दीप्ति चतुर्वेदी की अगुआई में विश्लेषकों के नोट में कहा गया है, विलय सौदा समाप्त होने के साथ ज़ी का मूल्यांकन घटकर 12 गुना पीई गुणक (अगस्त 2021) के स्तर पर आने की संभावना है, जो विलय की घोषणा के पहले देखा गया था। साल 2019 में प्रवर्तक की तरफ से शेयर गिरवी रखने और कारोबार में गिरावट के बाद इस शेयर की रेटिंग में बदलाव हुआ था। साथ ही रिलायंस व डिज्नी स्टार के विलय की खबर से प्रतिस्पर्धा और गहरा सकती है।

ईलारा कैपिटल के करण तौरानी ने एक नोट में कहा है, विलय सौदा टूटने के साथ ज़ी के लिए लक्षित कीमत 130 से 170 रुपये के दायरे में हो सकता है। उन्होंने कहा कि पिछले दो साल में ज़ी के राजस्व व लाभ में वृद्धि सुस्त रही है और कंपनी ने मार्जिन में गिरावट देखी है लेकिन सोनी के साथ विलय मूल्यांकन में इजाफे के लिहाज से अहम था।

ईलारा ने नोट में कहा है, हमारा मानना है कि ज़ी मूल्यांकन गुणक में काफी गिरावट देखेगी और यह एक साल आगे की आय के कम से कम 10 गुना होगा, जिसकी वजह विलय सौदा टूटना है। ज़ी के पास संबावित तौर पर पूरी तरह से बिखरे हुए बाजार मेंओटीटी पेशकश में इजाफे की क्षमता नहीं होगी, साथ ही कम लाभ व एबिटा मार्जिन 14 फीसदी के पास आ जाएगा। इसके अलावा इन्वेंट्री को बट्टे खाते में डालने या संबंधित पक्षकार लेनदारों से जुड़े मामले या डिज्नी संग खेल करार का पालन न करने का भी असर पड़ेगा।

नुवामा के अवनीश रॉय ने कहा, अल्पावधि में यह शेयर दबाव में रहेगा और यह विलय पूर्व के 12-13 गुना पीई गुणक पर लौट आएगा। नए साझेदार को लेकर अनिश्चितता, सोनी के साथ कानूनी संघर्ष और आरआईएल के वायकॉम व डिज्नी के बीच संभावित सौदे को देखते हुए जोखिम काफी ज्यादा रहने वाला है।

सोनी ने ज़ी संग विलय सौदा खत्म किया

पृष्ठ 1 का शेष

नोटिस में मध्यस्थता प्रक्रिया शुरू करने और ज़ी एंटरटेनमेंट के खिलाफ अंतरिम राहत मांगे जाने की बात भी है।

ज़ी ने कहा, 'कंपनी मामलों के मंत्रालय की शर्तों के तहत कथित उल्लंघन के कल्वर मैक्स और बीईपीएल के सभी दावों को ज़ी एंटरटेनमेंट सिरे से खारिज करती है। इसमें हर्जाने का उनका दावा भी शामिल है।' निदेशक मंडल ने कहा कि ज़ी एंटरटेनमेंट ने शेयरधारकों और नियामकीय संस्थाओं द्वारा मंजूर विलय समझौते के तहत दिए गए सभी प्रयास किए और कदम उठाए। ज़ी एंटरटेनमेंट शेयरधारकों के हित को ध्यान में रखते हुए पूरी योजना लागू करने की कोशिश करती रही है। ज़ी ने कहा कि ज़ी एंटरटेनमेंट ने विलय पूरा करने की मियाद बढ़ाने के इरादे से कल्वर मैक्स और बीईपीएल के साथ कई दौर की बातचीत भी की, मगर कोई नतीजा नहीं निकला।

ज़ी एंटरटनमेंट ने कहा कि वह अपने शेयरधारकों के दीर्घकालिक हित की रक्षा के लिए निदेशक मंडल के दिशानिर्देशों के आधार पर कानूनी कार्रवाई सहित सभी आवश्यक कदम उठाएगी। वह मध्यस्थता प्रक्रिया में कल्वर मैक्स और बीईपीएल के दावों का भी विरोध करेगी। ज़ी एंटरटेनमेंट ने 21 दिसंबर 2021 को कल्वर मैक्स और बीईपीएल के साथ विलय सौदा किया था। इसे राष्ट्रीय कंपनी विधिक पंचाट (एनसीएलटी) के मुंबई पीठ ने अगस्त 2023 में मंजूरी दी थी।

पिछले साल दिसंबर में ज़ी एंटरटेनमेंट ने आपसी सहमति बनाने के लिए कल्वर मैक्स और बीईपीएल के साथ 30 दिनों की अतिरिक्त बातचीत के लिए अपने अधिकार का प्रयोग किया था। मगर इस दौरान कई दौर की बातचीत के बावजूद कोई ठोस सहमति नहीं बन पाई। ज़ी एंटरटेनमेंट के एमडी एवं सीईओ पुनीत गोयनका इस सौदे के लिए अपना पद छोड़ने के लिए तैयार थे। इस संबंध में एक प्रस्ताव पर चर्चा भी हुई थी जिसमें एकीकृत कंपनी के बोर्ड में एक निदेशक नियुक्त करने, ज़ी एंटरटेनमेंट के निदेशकों एवं शेयरधारकों के हित में लंबित जांच एवं कानूनी प्रक्रिया से सुरक्षा और उसके लिए योजना में उचित संशोधन करने पर बातचीत शामिल थी।

IndiaShelter इण्डिया शेल्टर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : प्लॉट 15, 6ठी मंजिल, सेक्टर-44, इंस्टीट्यूशनल एरिया, गुरुग्राम, हरियाणा-122002, शाखा कार्यालय: आर.के. टॉवर, पहली मंजिल, एलआईसी कार्यालय के पास, विष्णु नगर, परासिया रोड, छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश - 480001, प्लॉट नंबर 69, तीसरी मंजिल, एमपी नगर, जोन -1, भोपाल - 462011

अचल सम्पत्ति हेतु सांकेतिक/भौतिक कब्जा सूचना

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों तथा प्रवर्तन (प्रतिभूति) हित अधिनियम, 2002 के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण के तहत एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में वर्तमान में इण्डिया शेल्टर फाइनेंस एण्ड कॉर्पोरेशन लिमिटेड का अधिकृत प्राधिकारी होने के नाते कर्जदार तथा सम्पत्ति/आश्वस्ति के स्वामी से कथित सूचना की तिथि से 60 दिनों के भीतर यहाँ आगे उल्लिखित खाते के सम्मुख लिखित तिथि पर राशि का पुनर्भुगतान करने को कहते हुए एक माँग सूचना जारी की थी। जैसा कि सम्पत्ति के स्वामी तथा अन्य राशि के पुनर्भुगतान में असफल रहे अतः एतद्द्वारा निम्नलिखित कर्जदारों तथा जनसामान्य को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने कथित नियमों के नियम 8 एवं 9 के साथ पठित कथित अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में नीचे वर्णित सम्पत्ति/यों पर सांकेतिक कब्जा कर लिया है। अब कर्जदार को विशेष रूप से तथा जनसामान्य को एतद्द्वारा सम्पत्ति/यों के साथ कोई संव्यवहार न करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति/यों के साथ कोई संव्यवहार नीचे वर्णित राशि तथा उस पर ब्याज, लागतों आदि के लिए इण्डिया शेल्टर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रभार का विषय होगा।

कर्जदार/जमानती का नाम (सम्पत्ति के स्वामी) तथा ऋण खाता संख्या	प्रभारित/बंधक सम्पत्ति का विवरण (निम्नलिखित से निर्मित सम्पत्ति का समस्त भाग)	माँग सूचना की तिथि, माँग सूचना की तिथि तक बकाया राशि	सांकेतिक/भौतिक कब्जा की तिथि
ललिता, राहुल वासनिक, वंदना सोम कुंवर, रानू पवार निवास स्थानः वार्ड नंबर 13 बुटारिरा बस्ती चंदामेट्टा चिखली कला छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश म.प्र. 480447, साथ ही बुटारिरा बस्ती चंदामेट्टा चंदामेट्टा चिखली कला छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश म.प्र. 480447 मध्य प्रदेश, साथ ही खसरा नं. 134/9 बी.नं. 402 पीएच. नंबर 7, बटुरिया पारसिंघा परासिया छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश म.प्र. 480447 480447 मध्य प्रदेश ऋण खाता संख्या **LA48CLLQNS000005036633**	मौजा-बुटरिया का समस्त भाग, विक्रय-पत्र 134/9 के अनुसार, सीमाः - पूर्व-सड़क, पश्चिम-प्रकाश का घर, उत्तर-सूर्यवंशी का घर, दक्षिण-नाजिर कुरेशी	माँग सूचनाः 19अगस्त 2023 रु. 1307991/- (रुपये तेरह लाख सात हजार नौ सौ इक्यानबे मात्र) 10 अगस्त 2023 तक तथा 11 अगस्त 2023 से लागू ब्याज के साथ	17/01/2024 (सांकेतिक कब्जा)
नूरन बी पिंजारा, वाशिम मोहम्मद, मोहम्मद मुगीश, मोहसिन अंसारी, वार्ड नंबर 47 परतला, अपनी रसोई के पीछे, रेलवे क्रॉसिंग के पास, छिंदवाड़ा 480001 मध्य प्रदेश ऋण खाता संख्या- **CHL100002523**	3000 वर्ग फीट की भूमि का समस्त भाग, मौजा लोनिया करबल, खसरा नंबर 95/38 बी. नं. 526,पी.सी. क्रमांक 12, सर्किल छिंदवाड़ा-2, तहसील एवं जिला छिंदवाड़ा में स्थित, सीमाः- पूर्व-विक्रेता की भूमि, पश्चिम-भूखंड और श्रीमती सुमित्रा साहू का घर, उत्तर-कच्चा रोड, दक्षिण-श्री सोनी की भूमि	माँग सूचनाः 20/6/2022 रु. 991053.42/- (रुपये नौ लाख इक्यानबे हजार तिरपन और बयालीस पैसे मात्र) 16/6/2022 तक देय और 17/6/2022 से अतिरिक्त ब्याज लागू	17/01/2024 (सांकेतिक कब्जा)
लक्ष्मी ठाकुर, राम स्वरूप निवासः38, दीप मोहिनी, खजूरी कलां हुजूर भेल जिला भोपाल म.प्र. 462022 मध्य प्रदेश साथ ही, श्री/श्रीमती लक्ष्मी ठाकुर हाउस नंबर-04-ए, सर्वे नंबर-452/1 का हिस्सा, खसरा नंबर-452/के कृष्णा नगर, ग्राम-खजूरी कलां खजूरी कलां रोड, ब्लॉक-फंदा, वार्ड नंबर-61, तहसील-हुजूर, जिला -भोपाल, म.प्र. 462022 मध्य प्रदेश ऋण खाता क्रमांक **HL46LILONS000005006888** तथा **HL46TSLONSM0005045762**	संपत्ति मकान नंबर-04-ए का सम्पूर्ण भाग, सर्वे नंबर-452/1 का हिस्सा, (कंप्यूटर खसरा नं.-452/के), कृष्णा नगर, गांव- खजूरी कलां, खजूरी कलां रोड, ब्लॉक- फंदा, वार्ड क्रमांक- 61, तहसील- हुजूर, जिला- भोपाल, म.प्र. सीमाः- पूर्व-शासकीय भूमि, पश्चिम-कॉलोनी रोड, उत्तर- प्लॉट नंबर-04-बी, दक्षिण-शुभम साहू का मकान नंबर-03	माँग सूचनाः 14 सितंबर 2023 तक रु. 326884.84/- (रुपये तीन लाख छब्बीस हजार आठ सौ चौरासी और चौरासी पैसे मात्र) तथा 15 सितंबर 2023 से लागू अतिरिक्त ब्याज सहित	19/01/2024 (सांकेतिक कब्जा)
भगवती बाई और दिनेश मालवीय निवास स्थानः 348 भगवती कॉलोनी, आष्टा सीहोर 466001 मध्य प्रदेश ऋण खाता संख्या **LAP500000412**	खसरा नंबर 1039/1/1, वार्ड नंबर 29, भगवती कॉलोनी, सीहोर, मध्य प्रदेश में संपत्ति का समस्त भाग। सीमाः- पूर्व- सड़क, पश्चिम- गली, उत्तर- शिवचरण का घर, दक्षिण- मालवीय का घर।	माँग सूचनाः 19/5/2023 रु. 265079/- (रुपये दो लाख पैंसठ हजार उन्यासी मात्र) 10/5/2023 तक देय तथा 11/5/2023 से अतिरिक्त ब्याज लागू	19/01/2024 (सांकेतिक कब्जा)

किसी पूछताछ के लिए कृपया संपर्क करें : श्री अमित शर्मा-9770873777 तथा श्री सत्येन्द्र पाटीदार-7509801709
स्थान : मध्य प्रदेश, तिथि : 23.01.2024 **(अधिकृत प्राधिकारी), इण्डिया शेल्टर कॉर्पोरेशन फाइनेंस लिमिटेड**

OMKARA ASSETS RECONSTRUCTION Pvt. Ltd.
ओमकारा एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड
सीआईन : U67100TZ2014PTC020363
निगमित कार्यालय : कोहिनूर स्क्वॅायर, 47वां तल, एन.सी. केलकर मार्ग, आर.जी. गडकरी चौक, दादर (पश्चिम), मुंबई – 400028 ।
ईमेल : kalpesh.ojha@omkaraarc.com, । मोबाइल : +91 9769825323

[परिशिष्ट - IV-ए] [नियम 8 (1), 8(6) एवं 6 (2) का प्रावधान देखें]
चल एवं अचल संपत्ति के विक्रयार्थ ई-नीलामी की सार्वजनिक सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 (1), नियम 8 (6) एवं 6 (2) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत चल एवं अचल परिसंपत्तियों के विक्रयार्थ ई-नीलामी विक्रय सूचना।

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप में उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(रों)/बंधककर्ता(ओं) को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत ऋणदाता अर्थात् ओमकारा एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड (ओएआरपीएल), जो कि कंपनी अधिनियम 1956 के प्रावधानों के अंतर्गत एक निगमीकृत कंपनी है तथा जो वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का 54) ("सरफॉएसि अधिनियम 2002") की धारा 3 के अंतर्गत एक एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी के रूप में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के साथ विधिवत पंजीकृत है और जिसका **सीआईएन नं: U67100TZ2014PTC020363** है और जिसका पंजीकृत कार्यालय 9, एम.पी. नगर, प्रथम स्ट्रीट, कोंगू नगर एक्स., तिरुपुर 641607 तथा निगमित कार्यालय कोहिनूर स्क्वॅायर, 47वां तल, एन.सी. केलकर मार्ग, आर.जी. गडकरी चौक, दादर (पश्चिम), मुंबई-400028 में है, जो **ओमकारा पीएस-26/2021-22 ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप** में अपनी क्षमता के अंतर्गत कार्यरत् है, के पास बंधककृत/प्रभारित निम्न वर्णित चल एवं अचल संपत्तियों (प्रतिभूत परिसंपत्ति(यों) का भौतिक अधिग्रहण कर लिया गया है। इसने पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पीएचएफएल) (पूर्व में मैग्मा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के रूप में विदित) की ओर से रेखांकितकारी प्रतिभूतियों के साथ उधारकर्ता(ओं)/सह-उधारकर्ता(ओं)/बंधककर्ता(ओं) की संपूर्ण बकाया राशियों के ब्याज एवं समस्त अधिकारों, स्वामित्वों का, एसाइमेंट अनुबंध दिनांकित 30-09-2021 के द्वारा, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 5 के अंतर्गत अधिग्रहण कर लिया है।

इसके अतिरिक्त, अपर जनपदाधिकारी इंदौर द्वारा निर्गत आदेश दिनांकित **07-09-2022** के अनुसार, प्रतिभूत परिसंपत्ति(यों) का भौतिक अधिग्रहण प्रतिभूत ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा 31-03-2023 को कर लिया गया है तथा उक्त परिसंपत्ति(यों) को निम्नांकित तिथि पर **"जैसी हैं जहां हैं", "जैसी हैं जो हैं"** तथा **"वहां जो कुछ भी हैं"** आधार पर बेचा जाएगा, जो कि निम्न उल्लिखित उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(रों)/बंधककर्ता(ओं) की ओर से प्रतिभूत ऋणदाता को देय-भुगतेय निम्नांकित बकाया राशियों की वसूली के लिये किया जायेगा। आरक्षित मूल्य, धरोहर राशि जमा (ईएमडी) और अन्य विवरण निम्नानुसार उल्लिखित हैं :

उधारकर्ता एवं सह-उधारकर्ता का नाम	अचल संपत्ति का विवरण	बकाया देयराशियां रु में	मांग सूचना की तिथि अधिग्रहण की तिथि	आरक्षित मूल्य (रु) धराज (रु)	निरीक्षण तिथि एवं समय
1. आलोक जैन (उधारकर्ता/बंधककर्ता) 2. नीलम जैन (सह-उधारकर्ता)	आवासीय विभाजित भूमि सं. धारक संपति के समस्त वह भाग तथा अंश जो ग्राम रणाजी गौतमपुरा तहसील देपालपुर जनपद इंदौर पटवारी हलका नं. 5, न्यू 12 वार्ड नं0. 9, बाग मोहल्ला सर्वे नं. 517, पेकी रकबा 0.063 (6728 वर्ग फुट), में स्थित, अधि. 6727 वर्ग फुट, आवासीय आरसीसी निर्माण क्षेत्रफल 174.25 वर्ग फुट, है।	रु. 50,69,443/– (रुपये पचास लाख उनहत्तर हजार चार सौ तैंतालिस मात्र) 16-04-2021 के अनुसार प्लस आज की तिथि तक राशि पर संविदागत ब्याज एवं अन्य शुल्क	16-04-2021 एमएचएफएल द्वारा 31-03-2023	40,00,000/- 4,00,000/-	19-02-2024 2.00 से 4.00 बजे

धराज के भुगतान तथा बोली प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि : 26-02-2024 को सायं 06.00 बजे तक

नीलामी तिथि एवं समय : 27-02-2024, समय : 03.00 बजे 05.00 बजे | **वृद्धिशील मूल्य : रु. 25,000**

नीलामी के नियम एवं शर्तें :
1. इच्छुक बोलीदातागण जिन्होंने ईएमडी जमा कर दी है और जिन्हें लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाने, डेटा अपलोड करने, बोली जमा करने, ई-बोलीदान प्रक्रिया पर प्रशिक्षण इत्यादि में सहायता की आवश्यकता है, वे ई-नीलामी सेवा प्रदाता **"मैसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड", दूरभाष हेल्पलाइन : +91-7291981124 / 25 / 26, हेल्पलाइन ई-मेल आईडी : support@bankeauctions.com या श्री भाविक पंड्या, मोबाइल : 88666 82937, ईमेल : maharashtra@c1india.com से संपर्क कर सकते हैं**
2. संपत्ति संबंधी किसी भी प्रश्न अथवा अनुसूचीगत संपत्ति के निरीक्षण के लिए इच्छुक व्यक्ति संबंधित प्राधिकृत अधिकारी- **कल्पेश ओझा (मोबाइल 9769825323), ई-मेल : kalpesh.ozha@omkaraarc.com** से अथवा उपरोक्त वर्णित पते पर कार्यदिवसों के दौरान कार्यालय समयावधि में संपर्क कर सकते हैं।
विक्रय के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया http://omkaraarc.com/auction.php में दिए गए लिंक को देखें।

सांविधिक हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) व 9(1) एवं 6(2) के अंतर्गत विक्रय की सांविधिक सूचना
यह सूचना प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) एवं 6(2) तथा वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के प्रावधानों के अंतर्गत उपरोक्त ऋण खाते के उधारकर्ता(ओं) /सह-उधारकर्ता(ओं) हेतु, लागत एवं व्ययों के साथ यहां इसमें उपरोक्त तालिका में अंकितानुसार बकाया देयराशियों का भुगतान करके उनके द्वारा यदि वे इच्छुक हैं परिसंपत्तियों को ऋणमुक्त करने की सलाह के साथ उपरोक्त संदर्भित तिथि एवं समय पर सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से विक्रय कार्यक्रम आयोजित करने के बारे में उन्हें सूचित करते हुये तीस दिनों (30) दिनों की एक अनिवार्य सूचना भी है। भुगतान में चूक की स्थिति में, संपत्ति को प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूत ऋणदाता के विवेक पर प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 (5) के अंतर्गत निर्धारितानुसार किसी भी माध्यम से बेचा जाना है।
दिनांक : 23 जनवरी, 2024 **हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी, ओमकारा एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड**
स्थान : मुंबई **(ओमकारा पीएस26/2021-22 ट्रस्ट के एक ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता के अंतर्गत कार्यरत्)**

केआईएफएस हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : 6ठवां तल, केआईएफएस कॉर्पोरेट हाउस, होटल प्लानेट लैंडमार्क के समीप, अशोक वाटिका के समीप, बीआरटीएस, इस्कॉन – अंबली रोड, बोदकदेव, अंबली, अहमदाबाद, गुजरात – 380054
निगमित कार्यालय : सी–902, लोटस पार्क, ग्राहम फिर्थ कंपाउंड, पश्चिमी एक्सप्रेस हाइवे, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई–400063, महाराष्ट्र, भारत,
दूरभाष सं: +91 22 61796400, **ईमेल** : contact@kifshousing.com, **वेबसाइट** : www.kifshousing.com,
सीआईएन : यू65922जीजे2015पीएलसी085079, **आरबीआई सीओआर : डीओआर–00145**

भौतिक अधिग्रहण सूचना

श्री आदर्श सिंह
श्रीमती महिमा सिंह
श्री पर्वत सिंह डांगी
संपत्ति पता : उस विभाजित भूमि का एक भाग जो राजस्व सर्वेक्षण सं. 68/1/4, भूखंड सं. 14, हरसिद्धि कॉलोनी, ग्राम टीकनखेड़ी पटवारी हलका नं. 24 तहसील बेरसिया भोपाल भोपाल मध्य प्रदेश भारत 463106 में स्थित है।
जबकि,
अधोहस्ताक्षरकर्ता ने केआईएफएस हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगांतर्गत, एक मांग सूचना दिनांकित **14 फरवरी 2023** निर्गत की थी, जिसमें सूचना में अंकित, आपके **ऋण खाता सं: एलएनएचएलबीपीएल005358, आवेदन सं: 1028812 के समक्ष, राशि रु. 2,62,201/– (रुपये दो लाख बासठ हजार दो सौ एक मात्र)** का, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिवसों के अंदर प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
चूंकि आप निर्धारित बकाया राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल हो चुके हैं, अतएव एतद्द्वारा आप को तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने यहां इसमें निम्न विवरणित संपत्ति का उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगांतर्गत, **19 जनवरी 2024 को, भौतिक अधिग्रहण कर लिया है।**
एतद्द्वारा आप को विशेष रूप में तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा सामान्य रूप में सावधान किया जाता है कि संपत्ति का लेन–देन न करें तथा संपत्ति का कोई भी लेन–देन, 10 जनवरी 2023 के अनुसार देय **रु. 2,62,201/– (रुपये दो लाख बासठ हजार दो सौ एक मात्र)** की एक राशि तथा इस राशि के भुगतान होने तक **11 जनवरी 2023** से राशि पर निर्धारित भावी ब्याज के साथ केआईएफएस हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्रभाराधीन होगा।

संपत्ति का विवरण
अचल संपत्ति के समस्त वह भाग तथा अंश जो कि उस विभाजित भूमि के एक भाग पर स्थित हैं जो राजस्व सर्वेक्षण सं. 68/1/4, भूखंड सं.–14, हरसिद्धि कॉलोनी, ग्राम टीकनखेड़ी, पटवारी हलका नं. 24, तहसील बेरसिया भोपाल भोपाल मध्य प्रदेश भारत 463106 में तथा निम्नानुसार परिसीमित है : **पूर्व**– खुला भूखंड सं. 13, **पश्चिम**– खुला भूखंड सं. 15, **उत्तर**– 20 फुट चौड़ी सड़क, **दक्षिण**– सलमान खान की भूमि।
स्थान : भोपाल **हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी**
दिनांक : 19 जनवरी 2024 **केआईएफएस हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

केआईएफएस हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : 6ठवां तल, केआईएफएस कॉर्पोरेट हाउस, होटल प्लानेट लैंडमार्क के समीप, अशोक वाटिका के समीप, बीआरटीएस, इस्कॉन – अंबली रोड, बोदकदेव, अंबली, अहमदाबाद, गुजरात – 380054
निगमित कार्यालय : सी–902, लोटस पार्क, ग्राहम फिर्थ कंपाउंड, पश्चिमी एक्सप्रेस हाइवे, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई–400063, महाराष्ट्र, भारत,
दूरभाष सं: +91 22 61796400, **ईमेल** : contact@kifshousing.com, **वेबसाइट** : www.kifshousing.com,
सीआईएन : यू65922जीजे2015पीएलसी085079, **आरबीआई सीओआर : डीओआर–00145**

भौतिक अधिग्रहण सूचना

श्री नानूराम पटेल पुत्र श्री बद्दू जी पटेल
श्रीमती मानू बाई पटेल पत्नी श्री नानूराम पटेल
संपत्ति पता : मकान सं. 7–ए दक्षिणी भाग चाणक्यपुरी, धार, मध्य प्रदेश, 454001
जबकि,
अधोहस्ताक्षरकर्ता ने केआईएफएस हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगांतर्गत, एक मांग सूचना दिनांकित **15 जुलाई 2021** निर्गत की थी, जिसमें सूचना में अंकित, आपके **ऋण खाता सं: एलएनएचएलआईएनडी000671, आवेदन सं: 1002368 के समक्ष, राशि रु. 16,44,925/– (रुपये सोलह लाख चौवालीस हजार नौ सौ पच्चीस मात्र)** का, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिवसों के अंदर प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
चूंकि आप निर्धारित बकाया राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल हो चुके हैं, अतएव एतद्द्वारा आप को तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने यहां इसमें निम्न विवरणित संपत्ति का उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगांतर्गत, **19 जनवरी 2024 को, भौतिक अधिग्रहण कर लिया है।**
एतद्द्वारा आप को विशेष रूप में तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा सामान्य रूप में सावधान किया जाता है कि संपत्ति का लेन–देन न करें तथा संपत्ति का कोई भी लेन–देन, **15 जुलाई 2021 के अनुसार देय रु. 16,44,925/– (रुपये सोलह लाख चौवालीस हजार नौ सौ पच्चीस मात्र)** की एक राशि तथा इस राशि के भुगतान होने तक 16 जुलाई 2021 से राशि पर निर्धारित भावी ब्याज के साथ केआईएफएस हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्रभाराधीन होगा।

संपत्ति का विवरण
अचल संपत्ति के समस्त वह भाग तथा अंश जो कि मकान सं. 7–ए, दक्षिणी भाग चाणक्यपुरी, धार, मध्य प्रदेश, 454001 में स्थित तथा निम्नानुसार परिसीमित है : **पूर्व**– भूखंड सं.–14, **पश्चिम**– सड़क, **उत्तर**– भूखंड सं. 7–ए का शेष भाग, **दक्षिण**– लोहार का मकान।
स्थान : इंदौर **हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी**
दिनांक : 19 जनवरी 2024 **केआईएफएस हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

केआईएफएस हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : 6ठवां तल, केआईएफएस कॉर्पोरेट हाउस, होटल प्लानेट लैंडमार्क के समीप, अशोक वाटिका के समीप, बीआरटीएस, इस्कॉन – अंबली रोड, बोदकदेव, अंबली, अहमदाबाद, गुजरात – 380054
निगमित कार्यालय : सी–902, लोटस पार्क, ग्राहम फिर्थ कंपाउंड, पश्चिमी एक्सप्रेस हाइवे, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई–400063, महाराष्ट्र, भारत,
दूरभाष सं: +91 22 61796400, **ईमेल** : contact@kifshousing.com, **वेबसाइट** : www.kifshousing.com,
सीआईएन : यू65922जीजे2015पीएलसी085079, **आरबीआई सीओआर : डीओआर–00145**

भौतिक अधिग्रहण सूचना

श्री श्रीराम धुर्वे पुत्र श्री पंसारी धुर्वे
श्रीमती सीमा धुर्वे पत्नी श्री श्रीराम धुर्वे
संपत्ति पता : भूखंड सं. 08 एवं 09, खसरा सं.–225 एवं 226, पी.एच. नं.–42, वार्ड नं.–79, मौजा–पिपरिया, पिपरिया रोड जबलपुर
जबकि,
अधोहस्ताक्षरकर्ता ने केआईएफएस हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगांतर्गत, एक मांग सूचना दिनांकित 15 जुलाई 2021 निर्गत की थी, जिसमें सूचना में अंकित, आपके **ऋण खाता सं: एलएनएचएलजेबीएल000122, आवेदन सं: 1000475 के समक्ष, राशि रु. 21,82,805/– (रुपये इक्कीस लाख बयासी हजार आठ सौ पांच मात्र)** का, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिवसों के अंदर प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
चूंकि आप निर्धारित बकाया राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल हो चुके हैं, अतएव एतद्द्वारा आप को तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने यहां इसमें निम्न विवरणित संपत्ति का उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगांतर्गत, **16 जनवरी 2024 को, भौतिक अधिग्रहण कर लिया है।**
एतद्द्वारा आप को विशेष रूप में तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा सामान्य रूप में सावधान किया जाता है कि संपत्ति का लेन–देन न करें तथा संपत्ति का कोई भी लेन–देन, 15 जुलाई 2021 के अनुसार देय **रु. 21,82,805/– (रुपये इक्कीस लाख बयासी हजार आठ सौ पांच मात्र)** की एक राशि तथा इस राशि के भुगतान होने तक **16 जुलाई 2021** से राशि पर निर्धारित भावी ब्याज के साथ केआईएफएस हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्रभाराधीन होगा।

संपत्ति का विवरण
अचल संपत्ति के समस्त वह भाग तथा अंश जो कि भूखंड सं. 08 एवं 09, खसरा सं. 225 एवं 226, पी.एच. नं.–42, वार्ड नं. 79, मौजा–पिपरिया, पिपरिया रोड जबलपुर में स्थित तथा निम्नानुसार परिसीमित है : **पूर्व**– सड़क, **पश्चिम**– विक्रेता की संपत्ति, **उत्तर**– भूखंड सं. 10, **दक्षिण**– भूखंड सं. 07
स्थान : जबलपुर **हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी**
दिनांक : 16 जनवरी 2024 **केआईएफएस हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

TATA POWER-DDL
टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड
टाटा पावर एवं दिल्ली सरकार का संयुक्त उपक्रम
रजि. आफिस : एनडीपीएल हाउस, हडसन लाइन, किंग्सवे केम्प, दिल्ली–110009
फोन : 66112222, फैक्स : 27468042, ईमेल : TPDDL@tatapower-ddl.com
CIN No. : U40109DL2001PLC111526, वेबसाइट : www.tatapower-ddl.com

निविदा सूचना आमंत्रित Jan 23, 2024
टाटा पावर–डीडीएल निम्न मदों के लिए निविदाएं आमंत्रित करता है:

निविदा पूछताछ सं. कार्य का विवरण	अनुमानित लागत/धरोहर जमा राशि (रु)	बोली दस्तावेज की बिक्री	बोली जमा कराने की अंतिम तारीख और समय/निविदा खोलने की तारीख और समय
TPDDL/ENGG/ENQ/200001624/23-24 Supply & Installation of Air Conditioners 1.5 Tr, 5 Star Inverter (SAC & WAC) at TPDDL	32.36 Lacs/ 81,000	23.01.2024	12.02.2024;1500 Hrs/ 12.02.2024;1700 Hrs
TPDDL/ENGG/ENQ/200001629/23-24 SITC of Battery Bank, Charger and Dropper Diode of various rating for various Grids in TATA POWER-DDL.	112 Lacs/ 2,80,000	23.01.2024	12.02.2024;1500 Hrs/ 12.02.2024;1600 Hrs
TPDDL/ENGG/ENQ/200001630/23-24 Supply of Fuse Element	35.83 Lacs/ 90,000	25.01.2024	15.02.2024;1500 Hrs/ 15.02.2024;1530 Hrs
TPDDL/ENGG/ENQ/200001628/23-24 Supply of 66/11 kV 25/31.5 MVA Power Transformers along with NIFPS.	7.31 Crs/ 12,96,000	23.01.2024	13.02.2024;1700 Hrs/ 13.02.2024;1730 Hrs
TPDDL/ENGG/ENQ/200001631/23-24 Supply of 11kV Switchgear Panels in TATA POWER-DDL.	1.70 Crs/ 4,26,000	24.01.2024	13.02.2024;1600 Hrs/ 13.02.2024;1630 Hrs

सम्पूर्ण निविदा एवं शुद्धिपत्र दस्तावेज हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध
website **www.tatapower-ddl.com**→Vendor Zone → Tender / Corrigendum Documents
Contracts - 011-66112222

GRIHUM
गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्व में पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से ज्ञात)
पंजीकृत कार्यालय : 602,6टा तल, जीरो वन आईटी पार्क, क्र. सं. 79/1, घोरपड़ी, मुधावा रोड, पुणे–411036

परिशिष्ट–IV
(देखें नियम–8(1)
कब्जा सूचना
(अचल सम्पत्तियों के लिए)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी **गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** (पूर्व में **पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से ज्ञात, पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड 17 नवंबर, 2023 से गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से ज्ञात है (पूर्व में मैग्मा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से ज्ञात थी और मूल रूप से जीई मनी हाउसिंग के नाम से शामिल थी** इसके बाद उपरोक्त कॉर्पोरेट/रजिस्टर कार्यालय में प्रत्याभूत ऋणदाता से संदर्भित के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके बाद ''उक्त अधिनियम'' के रूप में संदर्भित) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के सहपठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, निम्न वर्णित उधारकर्ताओं को नीचे दिनांकित एक मांग सूचना जारी कर उक्त सूचना प्राप्त होने की दिनांक से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लेखित राशि चुकाने का आहवान किया।
उधारकर्ताओं के राशि चुकाने में विफल रहने के बाद एतद् द्वारा उधारकर्ताओं और सर्व सामान्य को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के सह पठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के उक्त नियमों के नियम 8 के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में निम्न वर्णित संपत्ति पर **इस जनवरी, 2024 के 18वें दिन** कब्जा प्राप्त कर लिया है।
विशेष रूप से उधारकर्ताओं और सामान्य रूप से जनसामान्य को एतद् द्वारा आगाह किया जाता है कि वे संपत्ति से कोई व्यवहार न करें और संपत्ति के साथ कोई भी व्यवहार राशि और उस पर ब्याज के लिए प्रत्याभूत ऋणदाता के प्रभार के अधीन होगा।
उधारकर्ता का ध्यान उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधानों पर आमंत्रित किया जाता है, ताकि प्रत्याभूत परिसंपत्तियों को छुड़ाया जा सके। कब्जे में ली गई संपत्ति का विवरण यहां नीचे है।

क्र. सं.	उधारकर्ताओं का नाम	संपत्ति का विवरण	कब्जे की दिनांक	सांविधिक मांग सूचना की दिनांक	मांग सूचना में राशि (रु.)
1.	**श्याम सुंदर मसराम, कलवति मसराम**	बंधक संपत्ति एक प्लॉट, वार्ड. सं.15,सर्वे सं. 210/4 काभाग, ग्राम फतेहपुर, होटल ग्रीन व्यू, एस पीसएस स्कूल, तहसील और जिला शिवपुरी (म.प्र), इस संपत्ति का कुल क्षेत्र 1200 वर्ग फुट का संपूर्ण व सर्वांगीण भाग। और **सीमांकन : पूर्व :** विक्रेता का मकान, **पश्चिम :** लोंगवर्षा का मकान, **उत्तर :** अन्य भूमि, **दक्षिण :** सड़क।	**18/01/2024**	18/07/2022	**ऋण संख्या HL/0224/H/13/100052 रु. 4,85,041.66/-** (रुपये चार लाख पचासी हजार इकतालीस और छियांसठ पैसा मात्र) 18/07/2022 तक देय संग वसूली तक15.53% प्रति वर्ष ब्याज के साथ।

स्थान : शिवपुरी (म.प्र.) **हस्ता/– प्राधिकृत अधिकारी**
दिनांक : 23.01.2024 **गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड,(पूर्व में पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से ज्ञात)**

भोपाल संस्करण : बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा दैनिक भास्कर, प्लॉट नं. 10 व 11, सेक्टर बी, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल, म. प्र. 462023 से मुद्रित एवं सी/ओ अशोक कुमार जैन, शॉप नं. 1, पटेल मार्केट, संगम टॉकीज के समीप, भोपाल- 462001 से प्रकाशित
संपादक : कैलाश नौटियाल\ आरएनआई नं. MPHIN/2008/24603 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं। टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स - 033-22101599
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें... सुश्री मानसी सिंह हेड, कस्टमर रिलेशन्सबिजनेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, तीसरी और चौथी मंजिल, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, सेंचुरी मिल्स के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई 400 013ईमेल.. subs_bs@bsmail.in या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS कोई हवाई अधिभार नहीं